# कार्यालय सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी,
# ऋषिकेश, देहरादून।

फोनः 0135–2430623 फैक्सः 0135–2436623,मेल आईडी–artorishikesh.uk@gmail.com

पत्रांक संख्याः 646 /आटो0टे0लेन/2016 दिनांकः 06 जून, 2016

सेवा में,

प्रमुख वन संरक्षक वन्य जीव/
मुख्य वन्य जीव प्रतिपालक
उत्तराखण्ड, देहरादून ।

विषय : **<u>देहरादून वन प्रभाग के अन्तर्गत ऋषिकेश कक्ष संख्या 03 में परिवहन विभाग की ऑटोमेटिड टेस्टिंग लेन हेतु 2.02 हे0 वन भूमि का गैर वानिकी कार्यों हेतु परिवहन विभाग को प्रत्यावर्तन के संबध में।</u>**

संदर्भः भारत सरकार पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन द्वारा दिनांक–21.08.2016 को ऑनलाईन प्रस्ताव संख्या–FP/UK/OTHER/18161/2015 पर की गई आपत्ति।

महोदय,

उपरोक्त विषयक अवगत कराना है कि सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय भारत सरकार द्वारा मानव हस्तक्षेप के बिना वाहनों की फिटनेस एवं प्रदूषण की जॉच हेतु ऋषिकेश में ऑटोमेटेड टेस्टिंग लेने निर्माण का निर्णय लिया गया है इस हेतु सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी ऋषिकेश को पूर्व में आवंटित 1.00 है0 वन भूमि से लगी हुई 1.22 है0 वन की आवंटन हेतु ऑन लाईन प्रस्ताव अपलोड किया गया है ।

भारत सरकार पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय द्वारा दिनांक 21.5.2016 को ई0डी0एस0 में की गई आपत्ति की प्रति इस अनुरोध के साथ प्रेषित की जा रही है कि कृपया बिन्दु 08 के अनुपालन में योजना निर्माण के संबध में अपनी ओर से अनापत्ति प्रमाण पत्र निर्गत करने की कृपा करें।

संलग्नकः उपरोक्तानुसार।

भवदीय,

(डा0 अनीता चमोला)
सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी,
ऋषिकेश।

प्रतिलिपि– प्रभागीय वनाधिकारी देहरादून को उपरोक्त विषयक सूचनार्थ प्रेषित ।

(डा0 अनीता चमोला)
सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी,
ऋषिकेश।